दूरभाष : PBX 2762021, 22, 24

# चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/प्रयो0/651
दिनांक : 04.01.2021

## प्रेस विज्ञप्ति

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि (बी0एड0 पाठ्यक्रम को छोड़कर) अन्तिम सेमेस्टर जून 2020 एवं वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत अन्तिम वर्ष 2020 के विभिन्न समस्त पारम्परिक पाठ्यक्रमों (Traditional Course)/विषयों के ऐसे विद्यार्थी जो किन्हीं कारणवश प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा में सम्मलित नहीं हो सके हैं, उन्हे छात्र हित में विश्वविद्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति संख्या–गोप/588 दिनांक 26.11.2020 के माध्यम से एक अन्तिम अवसर प्रदान कर प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा कराये जाने का निर्णय लिया गया था। तत्क्रम में ऐसे सभी छात्र/छात्राऐं जो कालबाधित की श्रेणी में नही आते है और अपनी उपाधि पूर्ण करने हेतु (सेमेस्टर/वार्षिक/भूतपूर्व छात्र) अपना आवेदन–पत्र विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क के साथ सम्बन्धित महाविद्यालय से अग्रसारित कराकर अंकतालिका की छायाप्रति संलग्न करते हुये अपना प्रत्यावेदन गोपनीय विभाग की खिड़की न0 40 पर जमा कर दिये है उनकी प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा दिनांक 10.01.2020 से 18.01.2020 के मध्य निम्नलिखित परीक्षा केन्द्रों पर निम्न सारणी के अनुसार सम्पन्न कराया जाना सुनिश्चित किया गया है।

अतः ऐसे उक्त सभी छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि सम्बन्धित विषय के प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षाओं हेतु समस्त विद्यार्थी सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र से सम्पर्क कर अथवा कालेज की बेबसाईट का अवलोकन कर तिथि की जानकारी प्राप्त करते हुए उक्त परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें :–

| क्र सं | परीक्षा केन्द का नाम | कॉलेज कोड | वार्षिक एवं सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत पाठ्यक्रमों के विषय/कोड |
|---|---|---|---|
| 1 | J.V. COLLEGE BARAUT (BAGHPAT) jvcollege@gmail.com | 004 | 1.औद्योगिक रसायन (IND.CHEMISTRY) 2.औद्योगिक सूक्ष्म जीव विज्ञान (IND.MICROBIOLOGY) |
| 2 | M.M.H. COLLEGE, GHAZIABAD | 019 | बी0एससी0(शारीरिक शिक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा एवं कीड़ा) |
| 3 | D.N.(P.G.) COLLEGE, MEERUT (www.dncollege.org) | 052 | भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान, गणित(एम0ए0, बी0ए0, बी0एससी0), सांख्यिकी, बी0ए0 कम्प्यूटर एप्लीकेशन्स, खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा (बी0ए0, बी0एससी0, बी0कॉम0– कोड 001, 002, 003)। |
| 4 | MEERUT COLLEGE, MEERUT (www.meerutcollege.org) | 055 | शिक्षा शास्त्र, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, संस्कृत, राजनीति शास्त्र, इतिहास, दर्शनशास्त्र, मनोविज्ञान, सैन्य अध्ययन, रक्षाअध्ययन, भूगोल, बी0कामॅ0, बी0ए0एल0एलबी0, एल0एल0बी0, एल0एल0एम0, बी0कॉम0 सी0–991, एम0कॉम0, मुख्य विषय शारीरिक शिक्षा(785, 885, 985)। |
| 5 | R.G. (P.G.) COLLEGE, MEERUT (www.rgcollege.org) | 058 | (बी0ए0,एम0ए0) गृहविज्ञान, संगीत, चित्रकला। (बी0एससी0,एम0एससी0) फूड साइंस एण्ड क्वालिटी कन्ट्रोल। |
| 6 | J.V.JAIN COLLEGE, SAHARANPUR (jvjaincollege@gmail.com) | 079 | भू–विज्ञान (GEOLOGY) |
| 7 | GOVT.PG.COLLEGE NOIDA | 087 | बी0एससी0–बायो(माइको) |
| 8 | CH. SHIV NATH SINGH SHANDILYA (P.G.) COLLEGE, MACHHARA (MEERUT) cssspgcmachhra@gmail.com | 047 | बी0एससी0ए0जी0, एम0एससी0ए0जी0 |
| 9 | SHAHID MANGAL PANDEY GOVERNMENT MAHILA MAHAVIDYALAYA, MEERUT | 091 | एम0ए0–(शारीरिक शिक्षा) |
| 10 | BHAGWATI COLLEGE OF EDUCATION,SIWAYA MEERUT | 852 | बी0एल0एड0 |

04-01-2021
परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक–प्रति कुलपति को प्रति कुलपति महोदया के अवलोकनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियन्त्रक के परीक्षा नियन्त्रक महोदय के सूचनार्थ।
5. प्रेस प्रवक्ता को इस आशय के साथ प्रेषित कि छात्रहित में सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क तीन दिवसों तक प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
6. प्रभारी वैबसाइट विश्वविद्यालय को, वैबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
7. समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों को इस आशय से प्रेषित कि सम्बन्धित विषयों की परीक्षा की तिथि निर्धारित कर सूचना अपने कालेज की वैबसाइट तिथि अपलोड करने का कष्ट करें, जिसकी प्रति विश्वविद्यालय को प्रेषित करते हुऐ तिथि की सूचना नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने का कष्ट करें। साथ ही छात्र–छात्राओं को सूचित कर उक्त छूटी हुयी प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा विश्वविद्यालय में जमा निर्धारित शुल्क रू0 1500/– व रू0 4500/– की रसीद के आधार पर सम्पन्न कराने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव (गोपनीय)